

श्री योगी आदित्यनाथ
मा0 मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश सरकार

एक कदम स्वच्छता की ओर



श्री आशुतोष टण्डन
मा0 नगर विकास मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार



श्री सुरेश कुमार खन्ना
मा0 मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं
मा0 प्रभारी मंत्री- गाजियाबाद

# गाजियाबाद नगर निगम के सहयोग से मा0 महापौर महोदया द्वारा कोविड-19 संक्रमण के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही की विवरण पुस्तिका

प्रस्तुतकर्ता :-

**आशा शर्मा**
महापौर, नगर निगम गाजियाबाद













# सैनिटाइजेशन

• नगर निगम सीमान्तर्गत नगर निगम में उपलब्ध वाहनों एवं मैन्यूवल स्प्रे मशीनों द्वारा खुले स्थानों, शौचालयों, सार्वजनिक स्थलों, कॉलोनी/मोहल्लों, होम क्वारंटाइन केन्द्रों पर सोडियम हाइपो क्लोराइड के मिश्रण को निर्धारित मानकों के अनुरूप पानी में मिश्रित करा कर नगर स्वास्थ्य अधिकारी की देख-रेख में छिड़काव का कार्य कराया जा रहा है।

• मा0 महापौर महोदय के निर्देशों के क्रम में नगर निगम सीमान्तर्गत समस्त वार्डो में समुचित साफ-सफाई व्यवस्था एवं फॉगिंग का कार्य भी निरन्तर कराया जा रहा है।

• निगम सीमान्तर्गत कोविड-19 संक्रमण से बचाव कार्य में लगे/खुले सभी सरकारी कार्यालयों/ भवनों, थानों, सरकारी/ प्राईवेट अस्पतालों, कालेजों/ शिक्षण संस्थानों, बैंकों, ए0टी0एम0, बाजारों एवं गैस एजेन्सियों के परिसरों को सोडियम हाइपो क्लोराइड के मिश्रण को निर्धारित मानकों के अनुरूप पानी में मिश्रित कराकर वाटर स्प्रिंकलर वाहनों आदि के माध्यम से निरन्तर छिड़काव कराया जा रहा है।

• कोविड-19 के अन्तर्गत गाजियाबाद शहर में फंसे राहगीरों को उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार रहने हेतु गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में रखा गया है। उनकी सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए आश्रय स्थलों में सभी मूलभूत सुविधायें यथा- भोजन, पेयजल, स्नान, शौचालय बिस्तर, मास्क, साबुन, सेनेटाइजर, प्रकाश व्यवस्था एवं मनोरजंन के लिये टी0वी0 की व्यवस्था कराते हुए समस्त आश्रय स्थल/रैन बसेरे को समय-समय पर सेनेटाईज भी कराया जा रहा है।

• कोरोना वायरस (कोविड–19) संक्रमण के प्रभाव को देखते हुए इससे बचाव एवं इसके फैलाव को रोकने के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय–समय पर दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। शासन द्वारा संक्रमण के फैलाव को रोकने हेतु जनपद गाजियाबाद को लॉक–डाऊन घोषित किया गया है। लॉक–डाऊन के अन्तर्गत गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संक्रमण के प्रभाव को रोकने हेतु निरन्तर अपने दायित्वों एवं वर्तमान आवश्यकतानुसार सैनिटाइजे”ान का कार्य किया जा रहा है।

• जिन क्षेत्रों में कोरोना वायरस के पॉजिटिव केस पाये गये हैं या संदिग्ध हैं, उन क्षेत्रों को हॉट–स्पाट घोषित किया गया है जिनमें शासन के आदेशों एवं मा0 महापौर महोदय के निर्देश पर डॉ0 दिनेश चन्द्र, नगर आयुक्त, डॉ0 मिथिलेश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जोनल सेनेट्री ऑफिसर, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों की देख–रेख में अनुमन्य क्षेत्रफल में सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है।

• **हॉट–स्पॉट क्षेत्र** – कौशाम्बी स्थित एक सोसाईटी, वसुन्धरा सै0–2 बी, वैशाली सै0–06, शिप्रा अपार्टमेंट, ऑक्सीहोम भौपुरा, नन्दग्राम स्थित मस्जिद, के0डी0पी0 सोसाईटी राजनगर एक्सटेशन एवं सेवियर पार्क सोसाईटी 108, कटोरी मील लोनी रोड़ मोहननगर, पसौंड़ा, बी–77–जी–5, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–02, खाटू श्याम कॉलोनी दुहाई, एन0एच0–24 लैण्ड क्राफ्ट स्थित स्कार्डी ग्रीन होम सोसाइटी, डासना, मसूरी, ज्ञान खण्ड इंदिरापुरम क्षेत्र में पॉजिटिव केस पाया गया। उक्त क्षेत्रों की परिधि में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार आवश्यक वैज्ञानिक पद्यति का उपयोग करते हुए सेनेटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है।



# कोरोना वायरस (कोविड–19) संक्रमण के फैलाव से बचाव हेतु नगर निगम द्वारा लगाये गये वाहनों एवं उन पर तैनात कर्मचारियों का विवरण

| क्र0 | वाहनों के नाम | वाहनों की संख्या | कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | वाटर स्प्रिंकलर वाहन (सोडियम हाइपो क्लोराइड 1 प्रतिशत सॉल्यूशन के छिड़काव हेतु) | 05 | 10(एक गाडी पर दो) |
| 2 | हाईपॉवर स्प्रे मशीन (सोडियम हाइपो क्लोराइड 1 प्रतिशत सॉल्यूशन के छिड़काव हेतु) | 05 | 10(एक गाडी पर दो) |
| 3 | मैनुअल हैण्ड स्प्रे (सोडियम हाइपो क्लोराइड 1 प्रतिशत सॉल्यूशन के छिड़काव हेतु) | 100 | 100 |
| 4 | फायर ब्रिगेड की बडी गाडी (सोडियम हाइपो क्लोराइड 1 प्रतिशत सॉल्यूशन के छिड़काव हेतु) | 03 | 25(एक गाडी पर पांच) |
| 5 | फायर ब्रिगेड की छोटी गाडी (सोडियम हाइपो क्लोराइड 1 प्रतिशत सॉल्यूशन के छिड़काव हेतु) | 03 | 25(एक गाडी पर तीन) |
| 6 | बड़ी फॉगिंग मशीन (शहर में फॉगिंग कार्य हेतु) | 05 | 10(एक गाडी पर दो) |
| 7 | छोटी फॉगिंग मशीन (शहर में फॉगिंग कार्य हेतु) | 100 | 100 |
| | कुल | 221 | 264 |

# साफ–सफाई

• गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नगर निगम सीमान्तर्गत वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत समस्त वार्डों की समुचित साफ-सफाई, समय से कूड़े का उठान, कूड़े का निस्तारण, नाले/नालियों की साफ-सफाई व सिल्ट का समय से उठान, फोगिंग आदि कार्य निरन्तर कराये जा रहे है।


• उपरोक्त के अतिरिक्त अभियान के इस क्रम में गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में स्थित पार्को, उद्यानों, ग्रीन बैल्टों एवं अन्य मुख्य ऐतिहासिक धरोहरों/मोन्यूमेन्ट्स का भी सौन्दर्यीकरण एवं साफ-सफाई कार्य कराया जा रहा है।











गाजियाबाद नगर निग
ACE






नगर निगम गाजियाबाद
TATA





# सामुदायिक रसोई का संचालनः

- नगर निगम गाजियाबाद द्वारा नगरीय क्षेत्र में नगर निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्वयं के आर्थिक सहयोग से 02 मुख्य सामुदायिक रसोईघरों का संचालन किया जा रहा है यथा- नेहरूनगर स्थित सामुदायिक भवन एवं वसुंधरा स्थित आवास विकास विभाग के विश्राम गृह।

- इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय रूप में 02 लघु क्षमता के रसोईघर का संचालन किया जा रहा है। जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर अपील के माध्यम से स्वयंसेवी संगठनों/एनजीओ/आरडब्लूए/औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं व्यापारिक संगठनों आदि से निःशुल्क भोजन के पैकेट तैयार कर वितरण किया जा रहा है।

- यह अवगत कराना है कि महामारी के प्रारंभिक दिनों में स्वयंसेवी संगठनों/प्रतिष्ठानों द्वारा निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा था परन्तु दिनांक 31.05.2020 तक केवल नगर निगम द्वारा एक सामुदायिक किचन सक्रिय रहा। अतः नगर निगम द्वारा वर्तमान समय में लगभग 5000 भोजन के पैकेटों की व्यवस्था प्रतिदिन की जा रही थी। दिनांक 31 मई 2020 तक कुल लगभग 774411 पैकेट वितरित किये जा चुके हैं।

- पैकेट वितरण करने हेतु सड़कों पर भीड़ एकत्रित न हो इस व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु वार्डवार टीम गठित की गई है जो जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की सहयोग से आवश्यकतानुसार सामाजिक दूरी बनाते हुए भोजन वितरण किया जा रहा है।

- विगत दिनांक 29.03.2020 से 31.03.2020 तक लाखों की संख्या में लोगों का पलायन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से हुआ था। इन सभी लोगों की भूख प्यास के कारण किसी प्रकार की कोई जन हानि न हो, उसको दृष्टिगत रखते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा उपरोक्त तिथियों में सुबह/शाम मिलाकर 40,000 भोजन के पैकेटों का वितरण सफलतापूर्वक कराया गया एवं पेयजल व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार राजमार्गों पर पानी के टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की गई। यह कार्य 24x7 तीन दिवस तक चला। लोगों द्वारा उत्सर्जित सॉलिड वेस्ट का नियमानुसार त्वरित निस्तारण सफाई कर्मियों द्वारा किया गया। यह अत्यंत चुनौती पूर्ण कार्य था जिसमें नगर निगम के स्वास्थ्य कर्मियों की जितनी भ्प्रशंसा की जाए कम है।


















# हैल्प लाईन

- उपरोक्त समस्त व्यवस्थाओं के अतिरिक्त एवं कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु लॉक-डाऊन होने के उपरान्त नागरिकों के कोविड-19 से जुडी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए नगर निगम मुख्यालय पर कंट्रोल रूम 24X7 स्थापित किया गया है जिसका टॉल फ्री नंबर 1800-180-3012 एवं दूरभाष 0120-2791418, 2790369 है।

- कोविड-19 के अंतर्गत गाजियाबाद नगर निगम से सम्बन्धित जितनी भी शिकायतें आई.जी.आर.एस. पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो रही हैं उनका गुणवत्तापूर्वक एवं त्वरित निस्तारण कर दिया जाता है। निस्तारित किये गये संदर्भों के संबंध में शिकायतकर्ता से भी दूरभाष पर संपर्क कर निस्तारण की स्थिति से भी अवगत कराया तथा निरन्तर पूछताछ की जाती है।

# कोविड–19 संक्रमण के दौरान किये गये कुछ विशेष कार्य :



- वैश्विक महामारी कोविड–19 के कारण भरण पोषण की समस्या वाले व्यक्तियों का गजियाबाद नगर निगम द्वारा चयन कर उन्हें केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशों एवं शासनादेश संख्या 198/एक–11–2020–रा.–11 दिनांक 24 मार्च, 2020 के अनुपालन में दिनांक 25.05.2020 तक लगभग 36710 व्यक्तियों में से 18684 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया एवं जिला अधिकारी कार्यालय द्वारा उक्त 18684 व्यक्तियों में से 16022 लाभार्थियों को कुल धनांक रू. 16022000.00 की राहत राशि रू. 1000.00 प्रति व्यक्ति की दर से डी.बी.टी. के माध्यम से निर्गत की जा चुकी है।

# कोविड–19 संक्रमण के दौरान किये गये कुछ विशेष कार्य :

• कोविड–19 संक्रमण से रोकथाम हेतु लगाये गये लॉकडाउन से प्रभावित ऐसे जरूरतमंद व्यक्ति जिन्हें भोजन सामग्री/भोज्य पदार्थ की आवश्यकता है, उसको दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम द्वारा दिनांक 27.03.2020 से दिनांक 25.05.2020 तक कुल लगभग 774411 खाने के पैकेटों एवं मा0 महापौर महोदय द्वारा सूखा राशन का वितरण किया जा चुका है। साथ ही आगामी दिवसों हेतु आवश्यकता के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा पूर्ण रूप से जनहित में तत्परता रखी जायेगी। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर मा0 महापौर, नगर आयुक्त तथा निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों के सहयोग से वित्त पोषित 01 सामुदायिक रसोई का संचालन किया जा रहा था।










State Bank Of India
PAY PM Cares A/c no – 2121PM20202
RUPEES One lakh one thousand only.
₹ 1,01,000/-
VALID UPTO ₹ 10 LACS AT NON-HOME BRANCH
SB ACCOUNT
ASHA SHARMA
MULTI-CITY CHEQUE Payable at Par at All Branches of SBI
Please sign above

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
Ambedkar Marg, GHAZIABAD (U.P.) - 201001
ON DEMAND PAY CM DISTRESS RELIEF FUND
RUPEES ** Forty Thousand only**
₹ **40,000.00**
URB 040799
Purchaser: ASHASHARMA

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
Ambedkar Marg, GHAZIABAD (U.P.) - 201001
ON DEMAND PAY CM DISTRESS RELIEF FUND
RUPEES ** Forty Thousand only**
₹ **40,000.00**
URB 040796
Purchaser: ASHASHARMA

A/c Payee's only
ON DEMAND PAY C.M. DISTRESS RELIEF FUND
RUPEES TWENTY THOUSAND ONLY.
₹ 20,000.00
सिंडिकेटबैंक/SyndicateBank
SERVICE BRANCH NEW DELHI
ASHA SHARMA

Union Bank
Nagar Nigam Branch, Ghaziabad - 201 001
Your self for R.T.G.S.
RUPEES Three Lakh only
₹ 300000/-
A/c No. 555201010024001
For NAGAR NIGAM, GHAZIABAD (SALARY ACCOUNT)
लेखाधिकारी गाजियाबाद नगर निगम

# कोविड-19 संक्रमण के दौरान किये गये कुछ विशेष कार्य :

- कोविड-19 आपदा के दृष्टिगत आपदा पीड़ितों के सहायतार्थ नगर निगम गाजियाबाद की मा0 महापौर श्रीमति आशा शर्मा के द्वारा पी0एम0 केयर्स फण्ड में रू. 101000.00 का अंशदान चैक के माध्यम से दिया गया तथा मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में रू. 100000.00 का अंशदान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से दिया गया है। इसी क्रम में नगर निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा भी रू. 300000.00 का अंशदान चैक के माध्यम से मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में दिया गया। मा0 महापौर महोदय द्वारा आपदा पीड़ितों के सहायतार्थ नगर के संभ्रान्त नागरिकों से समाचार पत्रों के माध्यम से भी अपील की गई है। जिससे प्रभावित होकर नगर वासियों द्वारा भी मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में अपनी स्वेच्छा से अंशदान किया जा रहा है।

# कोविड-19 संक्रमण के दौरान किये गये कुछ विशेष कार्य :

• गाजियाबाद नगर निगम प्रदेश का पहला निकाय है जिसके द्वारा कोविड-19 के संक्रमण के रोकथाम हेतु समस्त नियमों का पालन करते हुए संपूर्ण शहर को सैनिटाइज किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। सफाई व्यवस्था (रात्रि कालीन एवं प्रातः कालीन), जलापूर्ति एवं सीवर समस्याओं को नित-प्रतिदिन दूर कराते हुए साफ-सफाई का विषेश ध्यान दिया जा रहा है। संपूर्ण निगम सीमा क्षेत्र में निरंतर रोस्टर के अनुसार एवं आवश्यकता के अनुसार फॉगिंग का कार्य भी किया जा रहा है।


• कोविड-19 के प्रभाव को रोकने हेतु गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निरंतर किये जा रहे सैनिटाइजेशन कार्य में गाजियाबाद के अग्निशमन विभाग द्वारा भी अपने विभाग के 2 छोटे व 2 बड़े वाहनों के माध्यम से गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों/कॉलोनियों में सैनिटाइजेशन कराया जा रहा है। अग्निशमन विभाग को सैनिटाइजेशन कराने के लिये नगर निगम द्वारा प्रतिदिन आवश्यकतानुसार सोडियम हाइपोक्लाराइड उपलब्ध कराया जा रहा है। दोनो विभागों द्वारा दिन में 2 बार सघन रूप से सैनिटाइजेशन का कार्य निरंतर जारी है।





# कोविड-19, सोशल डिस्टेन्सिंग

- कोविड-19 के संबंध में निर्गत दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराये जाने एवं जागरूकता के स्तर को उच्च श्रेणी के रखने हेतु गाजियाबाद नगर निगम के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को प्रत्येक दशा में मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने हेतु मा0 महापौर द्वारा कड़े निर्देश भी जारी किये गये हैं।
- इस क्रम में जिन अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा नियमों को पालन नहीं किया जा रहा है उन पर दण्ड आरोपित करते हुए कार्यवाही की जा रही है, जिससे दण्डित अधिकारी/कर्मचारी इससे सीख लेकर अन्य को भी समस्त नियमों को पालन कराने में अपना सहयोग दे सके।




# निराश्रित गौवंश हेतु की गई कार्यवाही :

- नगर निगम द्वारा गौवंश के संरक्षण हेतु ग्राम-सिहानी स्थित 15510 वर्ग मी.भूमि में नन्दी पार्क के नाम से निराश्रित गौ आश्रय स्थल की स्थापना की गयी है। उक्त नन्दी पार्क में वर्तमान में **1450 गौवंश संरक्षित** है। गौवंशों की प्रतिकूल मौसम में कोई क्षति न हो इसलिये नन्दी पार्क में 15 टीन शैड का निर्माण कराया गया है व नन्दी पार्क के निकट नगर निगम के बाग में गौवंशों के विश्राम हेतु बैरिकेडिंग की इस प्रकार से व्यवस्था की गयी है कि गौवंश को धूप से बचाया जा सके। गौवंशों के चारा व पीने के पानी हेतु खोर/नाद द्वारा समुचित व्यवस्था की गयी है। गौवंशों को संरक्षित करने हेतु नगर निगम के उक्त नन्दी पार्क में साफ-सफाई, सानी-पानी, नन्दी अभियान के लिये कुल 52 कर्मचारियों की तैनाती की गयी है। गौवंशों को उनके प्रकृति के अनुरूप वातावरण मिल सके इस हेतु गौशाला से सटे हुए लगभग 2.5 हेक्टेयर क्षेत्र में बाग भी विकसित किया गया है। गौवंशों के चिकित्सा, बधियाकरण एवं टैगिंग का कार्य पशुपालन विभाग, गाजियाबाद द्वारा किया जा रहा है।
- गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा नगर निगम, गाजियाबाद की भूमि पर अपने संसाधनों से लगभग रू. 10 करोड़ की कार्य योजना तैयार कर निराश्रित गौवंशों हेतु गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें 1300 गौवंशों को संरक्षित रखा जा सकता है। उक्त के अतिरिक्त 1500 वर्ग मी. क्षेत्र में नगर निगम द्वारा स्थाई गौवंश आश्रय स्थल की स्थापना करायी गयी है। जिसके उपरांत वर्तमान गौ-ााला का कुल क्षेत्र 3.75 हेक्टेयर किया जा चुका है। गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोबर से उपले बनाने वाली मशीन लगायी गयी है तथा गोबर से वर्मी कम्पोस्ट भी बनाया जा रहा है एवं गौ-मूत्र एकत्रित करने के लिए संस्थाओं से अभिरूचि-पत्र आमंत्रित किया गया है। निराश्रित गौवंश हेतु पर्याप्त मात्रा में चारे/भूसे की व्यवस्था की गयी है। कोविड 19 संक्रमण से बचाव हेतु गौशाला में कार्य करने वाले श्रमिकों को वर्दी, दस्ताने, मास्क, साबुन आदि भी प्रदान किये गये है।

# कोविड-19 संक्रमण से प्रभावित निराश्रित जन्तुओं हेतु किया गया प्रयास

• कोविड-19 के अन्तर्गत लॉक डाऊन होने के बाद मा. मुख्यमंत्री जी, उ.प्र. सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में मा0 महापौर द्वारा भूखे कुत्तों (श्वान), बन्दरों एवं अन्य जीव-जन्तुओं को भोजन खिलाने, पानी, दूध पिलाने आदि के लिए नगर के सम्भ्रांत नागरिकों से अपील की गयी कि वे नगर निगम परिवार के साथ जुड़े अथवा स्वयं भूखें कुत्तों (श्वान), बन्दरों एवं अन्य जीव-जन्तुओं को भोजन खिलाये, पानी, दूध पिलाये जाने जैसे पुनीत कार्य कर पुण्य के भागीदार बने। मा. मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में मा0 महापौर एवं नगर निगम परिवार तथा कुछ संगठनों द्वारा भूखें कुत्तों (श्वान), बन्दरों एवं अन्य जीव-जन्तुओं को भोजन खिलाना व पानी, दूध पिलाना प्रारम्भ भी किया गया है।



# कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम हेतु नगर निगम द्वारा किये गये अभिनव प्रयास

• कोविड-19 के अन्तर्गत गाजियाबाद नगर निगम द्वारा समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु चलित हैंडवॉश यूनिट लगाया गया है, जिसे व्यक्ति अपने पैरों का उपयोग कर अपने हाथों को साफ धो सकता है। इसके लिए व्यक्ति को न तो नल खोलने, हाथ से छूने की परेशानी और न ही संक्रमण के फैलने की परेशानी होगी।









# The Government of India has Launched **Aarogya Setu**, First COVID-19 Tracking App


**Aarogya Setu**

मैं सुरक्षित | हम सुरक्षित | भारत सुरक्षित

## आरोग्य सेतु ऐप


- भारत सरकार द्वारा जारी किया गया आरोग्य सेतु ऐप नागरिकों को कोरोना संक्रमण से बचाव करने एवं उनके आस-पास संक्रमित व्यक्ति की सूचना से अवगत कराता है। साथ ही आपके स्वास्थ्य को ट्रैक करने एवं शारीरिक देख-भाल हेतु सुझाव भी देता है।

नगर निगम द्वारा नगर वासियों से 'आरोग्य सेतु एप' डाउनलोड करने की भी की गई अपील।



# कोविड-19 से बचाव हेतु सोशल मीडिया द्वारा की गई अपील





















# SOME GLIMPSE





# NEWS

## आश्रय स्थलों में ठहरे कोई भी भूखा न सोएं : महापौर

## महापौर ने जरूरतमंदों के लिए राशन सामग्री दी तो पार्षद ललित कश्यप ने जताया आभार

-एकता ज्योति संवाददाता- गाजियाबाद। शहर की यशस्वी महापौर आशा शर्मा गरीब-जरूरतमंद लोगों की सेवा करने व उनके लिए भोजन समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दिन-रात लगी हैं। अब उन्होंने वार्ड 25 के जरूरतमंद लोगों के लिए राशन के पैकेट वहां के पार्षद ललित कश्यप … लिए पार्षद ललित कश्यप को राशन के पैकेट उपलब्ध कराए। महापौर …

## मेयर आशा शर्मा ने किया निगम की रसोई का निरीक्षण किया

## महापौर ने बेटियों संग मास्क बनाकर जरूरतमंदों को बांटा

गाजियाबाद। प्रधानमंत्री के आह्वान पर महापौर आशा शर्मा ने भी अपनी बेटियों के साथ घर में मास्क बनाकर जरूरतमंदों को दिए। सोमवार को उन्होंने ऐसे करीब पचास मास्क बनाए और लोगों को बांटा। महापौर ने अपने घर के सामने से …

## महापौर आशा शर्मा की जनता से अपील

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मैं गाजियाबाद की महापौर आशा शर्मा गाजियाबाद की जनता से अपील करना चाहती हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर एकजुटता का परिचय देते हुए 5 अप्रैल को रात 9 बजे घर की सभी लाईटें बन्द करके, घर के दरवाजे पर या बालकनी में खड़े रहकर 9 मिनट के लिए मोमबत्ती, दीया, टॉर्च या मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाएंगे। हम सबको मिलकर कोरोना संकट के अन्धकार को चुनौती देनी है लेकिन इसके लिए हमें सोशल डिस्टेनसिंग का विशेष रूप से ध्यान भी रखना है। इसके बाद लोग सड़कों पर एकत्रित होकर बाहर एक साथ न आएं क्योंकि जैसा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कोरोना से बचने का एकमात्र मूलमंत्र उपाय सोशल डिस्टेनसिंग ही है। कोरोना … जीतेगा।

## कोई गरीब भूखा न सोए हमारा संकल्प: महापौर आशा शर्मा

## जानवरों को मेयर आशा शर्मा ने खिलाया चारा, पिलाया पानी

राजनगर सहित कई क्षेत्रों का भ्रमण कर लिया स्थिति का जायजा

पशुओं को चारा परोसा। मेयर ने इन पशुओं को हरा चारा खिलाया साथ ही उन्हें पीने के लिए पानी का भी बंदोबस्त किया। इस दौरान मेयर ने शहर की जनता से भी अपील की कि सभी अपने आसपास भूखे प्यासे जानवरों को चारा आदि खिलाये ताकि लॉक डाउन में जानवरों को कोई दिक्कत न हो।

## मेयर आशा शर्मा ने पीएम राहत कोष में दिए 1 लाख एक हजार रुपये

परिवार के सदस्यों ने भी आर्थिक मदद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वैश्विक महामारी कोरोना से लड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आहवान पर महापौर आशा शर्मा पीएम राहत कोष के अंतर्गत … चेक दिया। साथ ही अपना … दिया। सोशल … 11 हजार, पुत्र … रुपये, बड़े दामाद … रुपये, छोटे … चेक के माध्यम … अतिरिक्त शर्मा … सोशल चौकीदार … केके शर्मा ने … चावल, 4 किलो … क्विंटल आटा … जरूरतमंदों को …

## हर शख्स दान करे सौ रुपए तो गरीबों का हो जाएगा बहुत भला : आशा शर्मा

- महापौर ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दान किए 1 लाख रुपए
- जनता से भी दान करने की अपील की

-एकता ज्योति संवाददाता- गाजियाबाद। महापौर आशा … सरकार ने अपने प्रयासों से गरीबों में राशन एवं भोजन वितरित किया है। देश की अर्थव्यवस्था ना बिगड़े इसके हर संभव कार्य किए। इसलिए जितनी जिम्मेदारी सरकार की है इस कोरोना से लड़ने की, उतनी ही जिम्मेदारी देश के हर व्यक्ति की है। इसी को ध्यान में रखते हुए एक लाख रुपए की धनराशि मुख्यमंत्री कोष में दान की है। जिससे देश में गरीब की मदद हो सके और गरीबों के लिए अन्य सहायता की जा सके। उन्होंने जनता से फिर अपील की है कि हर व्यक्ति यदि मात्र सौ रुपए …

## आर्थिक संकट के दौर में मेयर आशा शर्मा ने जनपदवासियों को दी राहत

# दस प्रतिशत हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी पर लगाई रोक

### लॉकडाउन का पालन करें सभी

गाजियाबाद (नेशनल रफ्तार)। कोरोना के कारण देश और प्रदेश में बढ़ रहे आर्थिक संकट के दौर में मेयर आशा शर्मा ने शहर के लोगों को बड़ी राहत देने का ऐलान किया है। मेयर का कहना है कि इस बार दस प्रतिशत हाउस टैक्स में ईजाफा होना है, मगर इस बार किसी भी सूरत में नगर निगम को टैक्स नही बढ़ाने दिया जाएगा। नगर निगम की सदन की बैठक में प्रस्ताव संख्या-31 में वित्तीय वर्ष 2020-2021 के संपत्ति कर आवासीय और व्यावसायिक भवनों पर 10 प्रतिशत टैक्स बढ़ाने का प्रस्ताव पास किया गया था। लेकिन कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण आर्थिक संकट को देखते हुए सदन से अनुमोदन की प्रत्याशा में 10 फीसद हाउस टैक्स में बढ़ोतरी करने का निर्णय स्थगित किया गया हैं। ताकि शहर वासियों को इस संकट में राहत मिल सके। ऐसे में मेयर आशा शर्मा ने स्पष्ट कर दिया कि इस बार गाजियाबाद शहरी एरिया में हाउस टैक्स में दस प्रतिशत का ईजाफा नहीं किया जाएगा। मेयर का कहना है कि संकट की इस घड़ी में लोगों को राहत देने की बात है। इस संबंध में वह म्युनिसिपल कमिश्नर दिनेश चंद्र सिंह और अन्य अफसरों से बात करेंगी। दूसरी और मेयर को इस मामले में दूसरी पार्टी के पार्षदों का भी साथ मिल रहा है। कांग्रेस पार्षद जाकिर अली सैफी और बीएसपी पार्षद दल नेता आनंद चौधरी ने भी मेयर के इस फैसले का स्वागत किया है। बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव लाकर हाउस टैक्स बढ़ाने पर रोक लगाई जाएगी। मेयर आशा शर्मा ने कोरोना को रोकने के लिए जनपद वासियों से करीब 6 फीट की दूरी, मास्क एवं सेनेटाइजर का प्रयोग करने की अपील की। गाजियाबाद की कुछ कॉलोनियों में सोशल डिस्टेनसिंग आंशिक रूप से हो रही है या नही हो रही है और लोग भीड़ बना लेते है। जिससे महामारी बढ़ने का खतरा है। सोशल डिस्टेनसिंग बनाएं और लॉकडाउन का पालन करें ताकि कोरोना खत्म हो सके और सबकी जान बचाई जा सके।

## मेयर आशा शर्मा ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दी एक लाख रुपये की धनराशि

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कोरोना संकट से जूझ रहे प्रदेश के जरूरतमंदों की मदद के लिए महापौर आशा शर्मा ने मुख्यमंत्री राहत कोष में एक लाख रुपये की धनराशि दान स्वरूप दी है। इस मौके पर आशा शर्मा ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के चलते देश में लॉक डाउन लगा हुआ है। मजदूर रोजगार खत्म होने के कारण अपने घर जा रहे हैं सरकार ने अपने अथक प्रयासों से गरीबों में राशन एवं भोजन किया किया। देश की अर्थव्यवस्था ना बिगड़े इसके हार संभव कार्य किए, इसलिए जितनी जिम्मेदारी सरकार की है इस कोरोना से लड़ने की उतनी ही जिम्मेदारी देश के हर व्यक्ति की है। अपनी सामाजिक जिम्मेदारी से प्रेरित होकर मैंने मुख्यमंत्री राहत कोष में एक लाख रुपये दान में दिए है। उन्होंने शहर की जनता से भी अपील कि वह संकट की इस घड़ी में मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में यथा संभव पैसे प्रदान करें। इससे गरीब और मजबूर व्यक्ति को दो वक्त की रोटी नसीब हो सकेगी।

# मेयर सहित निगम अधिकारियों ने किया आर्थिक सहयोग

**उदय भूमि ब्यूरो**





**गाजियाबाद।** चीन से शुरू हुए खतरनाक कोरोना वायरस संक्रमण से बचाने में जुटे गाजियाबाद नगर निगम के मेयर आशा शर्मा, म्युनिसिपल कमिश्नर दिनेश चंद्र सहित अन्य अधिकारी आर्थिक मदद के लिए भी आगे आ रहे हैं। मेयर एवं म्युनिसिपल कमिश्नर द्वारा ऐसा करने की इच्छा जताई जिसका निगम अधिकारियों ने समर्थन करते हुए आर्थिक मदद की घोषणा की। स्वेच्छिक आर्थिक सहयोग के लिए मेयर आशा शर्मा ने 21,000, म्युनिसिपल कमिश्नर दिनेश चंद्र ने 10,000, अपर नगर

कही है। उधर, शहर को संक्रमण से बचाने के लिए नगर निगम द्वारा सैनेटाइजेशन के साथ अन्य सभी संभव प्रयास किये जा रहे हैं। साफ-सफाई, कूड़े का उठान, फोगिंग, सॉडियम हाईपोक्लोराईड एवं ब्लीचिंग को मानक के अनुरूप पानी में मिलाकर मिश्रण तैयार करते हुए

अधिकारी एवं कर्मचारीगण निरन्तर कार्य कर रहे है। इन क्षेत्रों में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश द्वारा अपनी मौजूदगी में सैनेटाइजेशन करावाया जा रहा है।

चीनी कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए कार्यालय में काम कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों व

# शिकायत डालने के लिए निगम में पेटी रख

**गाजियाबाद।** कोरोना संकमण को देखते हुए निगम ने गत दि और सख्त कदम उठाए। निगम प्रशासन अपनी शिकायत लेकर अ वाले लोगों का प्रवेश बंद कर दिया। लोगों को अगर कोई शिका देनी है तो इसके लिए गेट पर ही एक पेटिका रखवा दी है। उसमें अपनी शिकायत और सुझाव दे सकेंगे। साथ ही गेट पर ही सुरक्षाक भी तैनात कर दिए हैं। नगर निगम काफी दिनों से इसको लेकर सज है। निगम प्रशासन ने सबसे पहले शिकायत देने के लिए निगम मुर ऑफिस आने वाले लोगों के लिए एकल टेबल योजना शुरू की थ

इसके बाद भी लोग सीधे अफसरों से मिलने की कोशिश क हैं। जो जोखिम भरा है। इसलिए निगम प्रशासन ने अब मुख्य ऑफि परिसर का एक गेट तो बंद कर दिया। दूसरे गेट पर सुरक्षाकर्मी तैन करते हुए उन्हीं के पास एक शिकायत पेटिका भी रख दी है। ता लोग अपनी शिकायत दे सकें। अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार कहा कि लोग चाहे तो जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज क सकते हैं।

# प्रवासी मजदूरों को महापौर ने बांटा गुड़

**जन सागर टुडे**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सामुदायिक भवन नेहरु नगर चलाई जा रही रसोई का महापौर आशा शर्मा एवं नगर आयुक्त दिनेश चन्द्र ने निरीक्षण किया एवं जो मजदूर अपने घर जा रहे हैं उनको गुड वितरण किया गया। कोरोना वायरस के चलते हो गए हैं



से कार्य किया का रहा है समय समय पर की गुणवत्ता की जांच की गई।

नगर निगम के सभी अधिकारी सभी पार्षदों की भूमिका रही इसके संचालन में एव गरीबों को भोजन वितरण करने में इसलिए नगर निगम परिवार बधाई का पात्र है कि इस विकट घड़ी में भी सब ने बढ़-चढ़कर की मदद की सभी का

# सामुदायिक रसोई का मेयर के साथ नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**हिन्ट संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा सामुदायिक भवन नेहरु नगर चलाई जा रही रसोई का महापौर आशा शर्मा एवं नगर आयुक्त दिनेश चन्द्र ने निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने घर से निकलने वाले मजदूरों को घंटाघर रामलीला मैदान में पहुंचकर गुड़ वितरित किया।

मंगलवार को महापौर आशा शर्मा और नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद आशा शर्मा ने बताया कि



की व्यवस्था की जा रही है। नगर निगम द्वारा लॉक डाउन के पहले दिन से ही लगातार सामुदायिक रसोई का संचालन किया जा रहा है। जरूरतमंद

है। इसकी समय समय पर गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है। इस रसोई के संचालन में नगर निगम के सभी अधिकारी सभी पार्षदों की भूमिका

विकट घड़ी में सामाजिक संस्थाओं ने बढ़-चढ़कर की मदद किया। इसके लिए सभी का धन्यवाद के पात्र है। विषम परिस्थिति में निगम परिवार ने एक एक मिसाल पेश की है। निगम कर्मचारियों को बिना मॉस्क के बाहर न निकलने की सलाह दी। उन्होंने हर 1 घंटे में हाथ धोने एवं सोशल डिस्टेंस का पाल

इसके महापौर पहुंचकर वितरण चंद्र ने व

# आश्रय स्थल में ठहरे व्यक्तियों की महापौर ने कराई जांच, दिए मास्क व सेनेटाइजर

**मनस्वी वाणी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलो में महापौर आशा शर्मा ने ठहरे हुए लोगो को मास्क एवं सेनेटाइजर का वितरण किया और साथ ही सीएमओ से वार्ता कर एक टीम सभी नगर निगम आश्रय



# सफाई व्यवस्था में दिन रात जुटे हैं नगर निगम कर्मचारी





ड्रम्स ... स के ... लिए ... शासन ... प्रयास ... म के

कर्मचारी भी अपनी जान की परवाह किये बिना दिन रात अपने कार्य मे जूट हुए है।

नगर निगम गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन स्वस्थ अधिकारी डीके अग्रवाल ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर महानगर की सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम के कर्मचारी दिन रात लगे हुए है। इस कड़ी में ट्रांस हिंडन निरन्तर विभिन्न इलाकों में निगम सफाई कर्मचारी दिन और रात कार्य कर रहे। साथ यह सुनिश्चित भी किया जा रहा है कि डोर टू डोर कूड़ा क्लकेशन करने वाली गाड़ियां समय पर घरो से कूड़ा कर रही है। उन्हीने ने बताया कोरोना वायरस के संक्रमण को समाप्त करने के लिए क्षेत्र में निरन्तर फागिंग कराई जा रही है।

**लॉकडाउन में पलायन**

# रैन बसेरों में 600 से ज्यादा बेघर लोगों का बनेगा ठिकाना

**दबंग ब्यूरो » गाजियाबाद**

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव को लेकर जारी प्रयास के बीच लॉकडाउन में फंसे पलायन करने वाले बेघरों को अब रैन बसेरों में ठिकाना मिल सकेगा। जीडीए के आश्रय स्थलों के अलावा नगर निगम के 14 आश्रय स्थलों और लोनी में नगर पालिका परिषद द्वारा तैयार किए गए रैन बसेरों में 600 से ज्यादा बेघर लोग ठहरने की व्यवस्था की गई हैं।

नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने बताया कि निगम के सभी 14 आश्रय स्थल पूरी तरह से तैयार किए जा चुके हैं। इनमें 300 से ज्यादा श्रमिकों के ठहरने की व्यवस्था हो सकेगी। शेल्टर होम में गद्दे, चादर, साबुन, टीवी, पानी, बिजली आदि की पूरी व्यवस्था की गई हैं। वहीं, जीडीए ने लॉकडाउन में फंसे लोगों के लिए सामुदायिक केंद्रों को आश्रय स्थल में तब्दील कर दिया है। इन आश्रय स्थलों को सामाजिक दूरी के मानकों का ध्यान रखते हुए 120 लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई हैं। इनमें गद्दे, चादर, सैनिटाइजर रखवाया गया है। बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था भी की गई है। हाथ धोने के लिए हैंडवॉश की व्यवस्था है। जरूरत पड़ने बाकी सामुदायिक केंद्रों में आश्रय स्थल बनाए जा सकते हैं। जीडीए उपाध्यक्ष कंचन वर्मा के आदेश पर इन सामुदायिक



केंद्रों को आश्रय स्थल के रूप में तैयार किया गया हैं। बसें चलनी बंद हो गई। जिले की सीमाएं सील होने के कारण वह कहीं नहीं जा पा रहे।

इन लोगों के ठहरने के लिए जीडीए ने इंदिरापुरम, कौशांबी में सामुदायिक केंद्र को आश्रय स्थल बनाया है, वहीं, प्रताप विहार, ब्रिज विहार, स्वर्ण जयंतीपुरम और कविनगर सामुदायिक केंद्र को आश्रय स्थल में तब्दील कर दिया गया। जीडीए के चीफ इंजीनियर विवेकानंद सिंह ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी तो जीडीए के बचे हुए 14 सामुदायिक केंद्रों में भी आश्रय स्थल बनाए जाएंगे। इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। वहीं, नगर पलिका परिषद लोनी की ओर से 150 लोगों के ठहरने के लिए रैन बसेरों में व्यवस्था की है। यहां रुकने वालों के अलावा आसपास की कालोनियों के लोगों को भी खाना वितरित किया जा रहा है। आवास एवं विकास परिषद की मंडोला विहार योजना के तहत बनाए गए फ्लैटों में भी लोगों को रोकने की व्यवस्था कराने में लगे हैं। फ्लैटों में सफाई कार्य जारी है।

नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने बताया कि अपने घरों को लौट रहे लोगों के लिए पालिका ने रैन बसेरे में लोगों को ठहराने की व्यवस्था की है। 3 मंजिला रैन बसेरों में करीब 150 लोगों के ठहरने और दोनों समय का खाना, चाय और सोने के लिए बिस्तर की व्यवस्था की गई है। जरूरतमंद लोगों को भी रैन बसेरे से खाना वितरित किया जा रहा हैं। इनमें लखनऊ और बुलंदशहर के 2 परिवार रुके हुए हैं। लोनी एसडीएम खालिद अंजुम ने बताया कि आवास एवं विकास परिषद की मंडोला विहार योजना के तहत सैकड़ों फ्लैट बन कर तैयार हैं। इन फ्लैटों को फिलहाल आवंटियों को कब्जा नहीं दिया गया है। फ्लैटों में लोगों को रोकने की व्यवस्था की जा रही है। फ्लैटों का साफ-सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। रैन बसेरे के बाद लोगों की संख्या पूरी होने के बाद लोगों को फ्लैटों में रोका जाएगा। इनके खानपान की व्यवस्था की जाएगी।

# लगभग सभी वार्डो का करा दिया गया है सैनिटाइजेशनः मेयर

## आगे भी अभियान रहेगा जारी, हर घर में सैनिटाइजेशन हो ऐसा संभव नही



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड से लेकर मौहल्लों में नगर निगम की टीम की ओर से सैनिटाइजेशन कराया जा रहा है। बावजूद इसके सोशल मीडिया पर लोग पोस्ट डालकर निगम की कार्रवाई पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि नगर निगम उनके यहां पर सैनिटाइजेशन नहीं कर रहा है। विपक्ष वाले भी आरोप लगा रहे हैं कि सैनिटाइजेशन के कार्य में भाजपा पार्षदों को वरीयता दी जा रही है। इसके अलावा लोग ये भी चाहते हैं कि उनके घरों में भी नगर निगम की टीम सैनिटाइजेशन करे। इन सभी मुद्दों पर दैनिक करंट क्राइम ने गाजियाबाद की मेयर आशा शर्मा से बातचीत की। सभी स्थितियों को उनके समक्ष रखा। मेयर आशा शर्मा ने कहा कि हर एक वार्ड से रोजना सैकड़ों लोगों के फोन आ रहे हैं। लोग ये चाह रहे हैं कि उनकी गली और घर में सैनिटाइजेशन हो जाए। ये बिल्कुल संभव नहीं है। जबकि सैनिटाइजेशन मुख्य सड़कों पर होता है। मेरी निगम के सुपरवाइजरों से प्रतिदिन कॉन्फ्रेंसिंग चल रही है। हमने नगर निगम के शताब्दी पुरम में सैनिटाइजेशन के लिए बड़ी गाड़ी भेजी। लोगों ने उसे रिफ्यूज कर दिया। छोटी गाड़ी भेजी उसे भी वापस भेज दिया। ये लोग चाहते थे कि उनके आठ-दस घरों के अंदर निगम की टीम सैनिटाइजेशन करे। अब घर-घर सैनिटाइजेशन करना पॉसिबल नहीं है। उन्होंने रात-दिन एक किए हुए हैं आखिर वह भी इंसान हैं। हमने नगर निगम के अधिकतर वाहनों को सैनिटाइजेशन के लिए लगाया हुआ है। जिन वाहनों से फॉगिंग कराई जाती थी उन वाहनों से भी सैनिटाइजेशन कराई जा रही है। मैं लोगों से निवेदन कर रही हूं कि वे घर पर रहें। मैं बताना चाहती हूं गुरुवार को क्रॉसिंग की 27 सोसाइटियों में हमने सैनिटाइजेशन कराया है। हम इस बात को बिल्कुल नहीं मान रहे कि कौन-सी सोसाइटी नगर निगम के अंडर में आती है या नहीं। इस वक्त हर मौहल्ला, पूरा शहर, पूरा देश हमारा है। लोग अपने घरों को स्वयं सैनिटाइज करें। सबसे बेहतर यही है कि घरों से बाहर न नि... नगर निगम हर मौहल्ले व हर ... को सैनिटाइज कर रहा है। मग... पर गाड़ी नहीं जा सकती व... सैनिटाइजेश कैसे हो पाएगा। ... अपने पार्षदों से अपील करू... अगर उनके यहां पर सैनिटाइजे... गया है तो वह इसका सोशल ... पर महिमा मंडल न करें। नगर... प्रत्येक वार्ड को सैनिटाइज क... लिए संकल्पबद्ध है। मैं सैनिटा...



...को लेकर गंदी राजनीति करने वालों को भी कहना चाहूंगी कि यह समय इन... चाहिए। हमारे जो सफाई कर्मचारी दिन रात काम कर रहे हैं वह भी इंसान हैं।

मेयर ने कहा कि लगभग कराया जा चुका है। उनके बावजूद भी अगर कोई वार्ड बचा है या कोई जगह छूट रही है तो वहां भी सैनिटाइजेशन कराया जाएगा। हमने जब यह पूछा कि क्या सैनिटाइजेशन की दवाई निगम के पास भरपूर है तो मेयर ने कहा कि हमारे पास पूरा स्टोक है इस चीज की बिल्कुल कमी नहीं है। डब्ल्यूएचओ से भी एक विशेष घोल हमारे पास आया है जिसे हम इस्तेमाल करेंगे। बावजूद इसके मैं जनता को यही संदेश...

# बिना मास्क घर से कोई ना निकलेः महापौर आशा शर्मा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मेयर ...हना है कि कोरोना ...देश में लोक डाउन ...क डाउन के नियम ...ल डिस्टेंसिंग और ...हना इन सभी नियमों ...देशवासी कर रहे हैं ...ार शाम को महापौर ...ने घर के बाहर से



भी वक्त मिलने पर मास्क बनाएं और ...

लॉक डाउन के अन्तर्गत संक्रमण के प्रभाव को कम करने के लिए

# नगर निगम का अभियान जारी

- नगरायुक्त दिनेश चंद सिंह ने किया मौके का निरीक्षण





# यूपी में पहला निगम बना, जहां तैनात हुआ मोबाइल हैंडवॉशिंग स्टेशन

गाजियाबाद। शहर को कोरोना से बचाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने एक बड़ी पहल की है। निगम प्रशासन ने अब बाजार और सब्जी मंडी आदि स्थानों पर पहुंचने वाले लोगों के लिए मोबाइल हैंडवॉशिंग स्टेशन मशीन की शुरूवात की है। इस मशीन को नगर निगम ने ट्रायल के तौर पर तैयार किया है। पहले चरण में ऐसी तीन मशीन को नगर निगम ने तैयार कराया है।

मेयर आशा शर्मा और नगर आयुक्त दिनेश चंद्र सिंह ने इसकी शुरूवात की है। इस दौरान मेयर ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान भी काफी ऐसे लोग है जो अपने जरूरी कार्य से घरों से निकल रहे है। कुछ लोग सब्जी लेने तो कुछ अन्य किसी कार्य से बाजार आते जाते है। शहर में कहीं भी सार्वजनिक स्थान पर एक भी ऐसी व्यवस्था नहीं है कि जहां व्यक्ति चाहे तो वह हाथ साफ कर सके। आम आदमी के लिए शहर में कहीं भी साबुन और पानी की व्यवस्था नहीं है।

नगर आयुक्त दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे को देखते हुए लोगों को इस तरह की सुविधा देने के लिए काफी समय से विचार विमर्श चल रहा था। इसी के चलते नगर निगम प्रशासन ने हाथ धोने के लिए मोबाइल स्टेशन को तैयार कराया है। नगर निगम ने सबसे पहले ट्रायल के तौर पर ऐसे तीन स्टेशन तैयार कराए है। इसके बाद जरूरत के हिसाब से नगर निगम प्रशासन और स्टेशन तैयार कराएगा। इन तीन स्टेशनों को नगर निगम ने तैनात भी कर दिया है। एक स्टेशन यहां पुराना बस अड्डा सब्जी मंडी के पास तैनात किया गया है। दूसरा स्टेशन होली चाइड के पास कम्युनिटी सेंटर में चल रही सामुदायिक रसोई में और एक अन्य को नगर निगम ने अपने मुख्य ऑफिस में तैनात किया है। इस स्टेशन में साबुन और पानी की पूरी व्यवस्था होगी। जब चाहे इंसान हाथ धोकर कोरोना वायरस के संक्रमण को नियंत्रित करने में अपनी भूमिका निभा सकता है।




## डोर टू डोर की गाड़ियों में स्वच्छता गाने नही कोरोना के लिए किया जाएगा जागरूक

# मेयर आशा शर्मा ले रही हैं निगम की कार्रवाईयों का निरंतर जायजा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सोमवार को महापौर आशा शर्मा जी ने कोरोना के प्रकोप के बढ़ते नगर निगम की डोर टू डोर की गाड़ियों में स्वच्छता गाने के स्थान पर कोरोना से बचाव एवं नगर निगम द्वारा किये जा रहे छिड़काव को लेकर हर वार्ड की जनता को जागरूक करने के लिए एक अनोखी पहल की है। जिसके चलते सभी लोग बताये जहां भी छिड़काव नही हो पाया है वहां छिड़काव किया जाएगा।

साथ ही महापौर ने घर बैठे ...



समस्या तो नही यह भी संज्ञान ले रही है। ऐसे ही 5 जोन के सफाई ...

...या नही और हर वार्ड में सेनट्राइज हो रहा है के नही वही इंस्पेक्टर ने जिम्मेदारी के साथ जवाब दिया। सभी वार्डो का बराबर ध्यान रखा जा रहा है सभी स्थानों पर छिड़काव किया जा रहा है और सफाई एव कूद भी उठाया जा रहा है। उसके बाद महापौर के नगर निगम सफाई कर्मचारियों को दी जा रही सुविधाओं का संज्ञान लिया और इंस्पेक्टर से कहा कि कर्मचारियों को डेटोल की साबुन और सेनट्राइजर लगातार दिया जाए क्योंकि हमसे ...

...घड़ी में देश रक्षा कर रहे है इस लिए उनको दी जाने वाली सुविधाओं में कोई खामी नही आई चाहिए। महापौर आशा शर्मा ने नगर निगम समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का धन्यवाद भी किया क्योंकि सभी कर्मचारी लगातार कार्य कर रहे है, महापौर आशा शर्मा जी ने शहरवासियों से अनुरोध भी किया, मास्क एवं सेनट्राइजर का प्रयोग करे , हर घंटे हाथ धोते रहे बहुत ही जरूरी कार्य से बाहर निकले, अपने और अपने परिवार का ध्यान रखें, ...

# निगम ने खरीदा दो हजार लीटर सेनेटाइजर

मनस्वी वाणी संवाददाता

## निगम अपने अफसर और कर्मचारियों में करेगा वितरण

गाजियाबाद। कोरोना संक्रमण को ... ए साफ- ...जेशन के ...र्मचारियों ...हॉथों को ...ाफ रखने ...ारी गाईड ...रूप नगर ... अच्छे ...र्केट रेट ... किये गये ...सेनेटाईजर ...यय करना ...द्वारा अपने ...शुद्धता को ...रकार द्वारा ...ाईजर के ...री विभाग ...द-रामपुर



डिस्टलरी से सरकारी दरों (मय 18 प्रतिशत जीएसटी) पर 2000 लीटर 5 लीटर की कैन में 400 कैन सेनेटाईजर क्रय किया गया है नगर आयुक्त ने बताया कि महापौर के संरक्षण में नगर निगम के साफ-सफाई कार्य एवं सेनेटाईजेशन के कार्य में लगे अधिकारियों कर्मचारियों की सुरक्षा के दृष्टिगत हॉथों को सेनेटाईजर करने के लिए वितरित किया जायेगा।

इस वैश्विक महामारी के संक्रमण के प्रभाव को कम करने में सफाई एवं सेनेटाईजेशन के कार्य में नगर निगम के कर्मियों को सैनेटाईजर उपलब्ध कराने में नगर निगम को हो रहे अधिक आर्थिक व्यय को और अधिक कम करने के लिए कैन को बाजार से क्रय की गयी 500-500 एम.एल. की खाली बोतलों में बोटलिंग कराकर मित्तव्यता बरती गयी है जिससे नगर निगम को आर्थिक बचत के साथ शुद्ध एवं गुणवत्तापरक सैनेटाईजर मिला है।यह सैनेटाईजर 80 प्रतिशत वोल्यूम एलकोहल का सैनेटाईजर है जो तत्काल किसी भी प्रकार के संक्रमण को रोकने के लिये उपयुक्त है।

आशा शर्मा महापौर के संरक्षण में कोविड-19 संक्रमण के फैलाव को रोकन के लिए साफ-सफाई एवं सेनेटाईजेशन के कार्य में लगे अधिकारियों कर्मचारियों को उक्त सैनेटाईजर वितरित किया जायेगा। इस पूरे प्रयास को क्रियान्वित करने में महापौर का विशेष सहयोग रहा है जिसके लिये नगर निगम परिवार उनका आभारी है। प्रमोद कुमार अपर नगर आयुक्त की देख-रेख में नगर स्वास्स्थ्य अधिकारी, जोनल सेनेट्री आफिसर एवं वरिष्ठ सफाई निरीक्षक की उपस्थिति में समस्त सफाई निरीक्षकों एवं सिटी जोन के सफाई नायकों को सामाजिक दूरी के दृष्टिगत साफ-सफाई एवं सेनेटाईजेशन के कार्य में लगे सफाई कर्मिकों को सेनेटाईजर वितरित किये गये ताकि कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु समस्त सफाई नायक सामाजिक दूरी व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में तैनात सफाई कर्मियों को सैनेटाईजर की 500-500 एम0एल0 की बोतला का वितरण कर सके।

# इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की गई सामाजिक अभिव्यक्तियां

You Retweeted

**Hardeep Singh Puri**
@HardeepSPuri

Our fight against COVID19 has inspired many to experiment & innovate.
#CoronaWarriors of Ghaziabad have created these rickshaw mounted wash basins for frontline workers & citizens living in informal settlements. Several other ULBs have come up with similar innovations too. Kudos!




10:41 PM · May 5, 2020 · Twitter for Android

**76** Retweets **328** Likes

**ULB Directorate, UP**
@ulb_up

कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव हेतु नगर निगम गाजियाबाद @AMRUTCityGzb में साफ-सफाई, चूने एवं सैनिटाइजर का छिड़काव अभियान चलाकर किया जा रहा है।गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन व साफ सफाई का कार्य करते कर्मचारी।

Translate Tweet



11:24 AM · May 31, 2020 · Twitter Web App

**Swachh Bharat Urban**
@SwachhBharatGov

With the help of regular sanitization & cleanliness drives across the city, Ghaziabad Municipal Corporation is protecting its people from the menace of #COVID19.

#CitiesFightCorona #MyCleanIndia




10:58 AM · Jul 1, 2020 · Twitter Web App

**ULB Directorate, UP**
@ulb_up

कोविड-19 के दृष्टिगत गाजियाबाद में फंसे राहगिरो को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आश्रय स्थलों में ठहराया गया।आश्रय स्थलों में मूलभूत सुविधायें यथा- बिस्तर,पेयजल,भोजन,शौचालय एवं मनोरंजन के लिये टी0वी0 की व्यवस्था कराते हुए समस्त आश्रय स्थल को समय-समय सेनेटाईज भी कराया जा रहा है।

Translate Tweet




2:00 PM · May 24, 2020 · Twitter Web App

# सादर धन्यवाद!

